## एक नजर में

### सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान संजीत मार्ग ने अखिल भारतीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

**मन्दसौर।** 7 से 9 दिसंबर तक रतलाम में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्केटिंग प्रतियोगिता में रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में सरस्वती विहार शैक्षणिक संस्थान के खिलाड़ियों ने 6 रजत, एक काँस्य पदक प्राप्त किया । जिसमें दो खिलाड़ी भैया विशाल गहलोत व बहन जिनिशा व्यास का चयन एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए हुआ । विद्यालय के भैया यूदित ऐरन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक सिल्वर पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया । इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की समिति व आचार्य परिवार ने विजेताओं को शुभकामनाएं व बधाइयां देकर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शास . हाईस्कूल मगराना में साइकिल वितरण कार्यक्रम



**मन्दसौर।** आज 10 दिसम्बर 2025, बुधवार को शासकीय हाई स्कूल मगराना में साइकिल वितरण माँ सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष श्री सुनील शर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता मगराना के सरपंच श्री पवन पाटीदार और विशेष अतिथि श्री शांतिलाल गोवरी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि व शिक्षक पालक संघ सदस्य कमलसिंह चौहान की उपस्थिति में साइकिल वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही बाल विवाह की शपथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मेम व सहायिका मेम के द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को दिलाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्री इंदरमल जाटव, शिक्षक बालाराम पाटीदार, ईश्वरलाल सागित्रा, दिनेश सुथार, राम कनासिया, कन्हैयालाल कोधरी, घनश्याम पाटीदार, सज्जनकुमार पाटीदार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन ईश्वरलाल सागित्रा द्वारा व आभार प्रदर्शन बालाराम पाटीदार द्वारा किया गया।

### वक्फ संपत्ति संबंधित दस्तावेज जिला कमेटी कार्यालय पर जमा कराएं

**मन्दसौर।** वक्फ बोर्ड जिला कमेटी मंदसौर उपाध्यक्ष शाकिर हुसैन गढ़वी ने एक प्रेसनोट में बताया कि मंदसौर जिले की मंदसौर, मल्हारगढ़, दलौदा, सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ़, गरोठ, भानपुरा तहसीलों के आसपास जिन-जिन कस्बों में जहां-जहां पर भी वक्फ बोर्ड से संबंधित मस्जिद, मदरसें व कब्रस्तान, इमाम बाड़ा दरगाह आदि वक्फ बोर्ड में दर्ज सम्पत्तियां जिन-जिन भी मुतवल्लियों ने अंतिम तारीख तक उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करवाई थी और जो भी वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियां किसी भी कारण से उम्मीद पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पाई थी और ऐसी सभी वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियां जो दर्ज हो गई और जो दर्ज नहीं हो पाई, उक्त सभी सम्पत्तियों का ब्यौरा जैसे वक्फ बोर्ड से संबंधित दस्तावेज, सम्पत्ति का नक्शा, सम्पत्ति फोटो, सम्पत्ति का राजस्व रिकॉर्ड, वार्ड नम्बर, सम्पत्ति की चतुर्सीमा, पूर्व का क्षेत्रफल, वर्तमान का क्षेत्रफल आदि दस्तावेज जिला वक्फ कमेटी के कार्यालय नाहर सैय्यद रोड़ मंदसौर या मस्जिद भिस्तियान मण्डी गेट, मंदसौर पर जमा कराये या भोपाल वक्फ बोर्ड कार्यालय पर पर आवश्यक रूप से भेजे। उपाध्यक्ष शाकिर हुसैन गढ़वी ने बताया कि उक्त जानकारी पोर्टल पर चढ़ाना थी लेकिन जिन सम्पत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज नहीं कराया गया है उनकी अंतिम तारीख निकल चुकी है। अब ऐसी सम्पत्तियों की जानकारी भोपाल वक्फ बोर्ड पर शीघ्र भिजवाये जिससे भोपाल वक्फ बोर्ड के माध्यम से जानकारी पोर्टल पर दर्ज हो सके। या अधिक जानकारी के लिये मो.नं. 9753703224 पर सम्पर्क करे।

### सुपर 5 हजार योजना के लिए 10वीं-12वीं के विद्यार्थी 31 मार्च तक करें आवेदन

**मंदसौर।** सहायक श्रम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों के लिए संचालित 'सुपर 5 हजार' योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं परीक्षा में प्रथम 5 हजार तथा 12वीं कक्षा में संकायवार प्रथम 5 हजार विद्यार्थियों की प्रावीण्य सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को मंडल द्वारा एकमुश्त 25 हजार रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। पात्र निर्माण श्रमिकों की संतानों द्वारा विद्यालय के माध्यम से निर्धारित आवेदन पत्र 31 मार्च 2026 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों में निर्माण श्रमिक का पोर्टल जनरेटेड परिचय पत्र, निर्माण श्रमिक/पंजीयन धारक की बैंक पासबुक की छायाप्रति (जिसका बैंक खाता विवरण परिचय पत्र में अंकित हो), संस्था प्रमुख द्वारा जारी वर्तमान में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी हेतु संबंधित विद्यालय या श्रम कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### मंदसौर द्वारा खदान उपसमिति का गठन दीपक मालवीय अध्यक्ष

**मन्दसौर।** द स्लेट पेंसिल प्रोड्यूसर मार्केटिंग कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी लि. मंदसौर की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष अर्जुन डाबर की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सर्वानुमति से सोसायटी की खदान उपसमिति बनाई गई। समिति अध्यक्ष दीपक कुमार मालवीय को मनोनीत किया। खदान उपसमिति के संरक्षक अर्जुन डाबर, भरत शिन्दे, अशोक कुमार फरक्या, हेमन्त यादव, अशोक कामरिया, श्रीमती संध्यादेवी जोशी, श्रीमती फरीदा बी फतुल्ला को बनाया किया। बैठक में निर्णय लिया कि खदान उपसमिति के अध्यक्ष खदान संबंधी समस्त कार्य संरक्षकों की सहमति से करेंगे।

### श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर की नई कार्यकारिणी का गठन

**मंदसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर की नई कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया के निर्देशानुसार किया गया। मुख्य प्रवक्ता दिलीप सेठिया ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि समाज के विभिन्न पदों पर निम्नलिखित सदस्यों की नियुक्ति की गई है। नई कार्यकारिणी गठन पर समाजजनों ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज सेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। मुख्य पदाधिकारी : सचिव: जगदीश काला, कोषाध्यक्ष: रामगोपाल महाजन, सह सचिव: दशरथ दानगढ़ (रूक्क), ओमप्रकाश सेठिया (छत्री वाला) उपाध्यक्ष: इजी. रामगोपाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष: ओमप्रकाश रत्नावत, प्रचार सचिव: जगदीश सेठिया (इलेक्ट्रिक), संगठन सचिव: रूपचंद सेठिया, राधेश्याम गुप्ता (मोया वाला), योजना सचिव: अश्विन फरक्या, विनोद मांदलीय, कार्यक्रम संयोजक: लीलाशंकर सेठिया, अशोक मांदलिया (ढाबला वाला), सह प्रवक्ता: घनश्याम पोरवाल, विधि सलाहकार: एडवोकेट देवेंद्र मार्च्या।

## विस्थापित हुए अस्थाई दुकानदारों को स्थान मिला

▶ **फूल -माला व्यवसायी एवं खाना बनाने का कार्य करने वाली बहनों को मिला स्थान**



**मंदसौर।** विगत दिनों आदर्श रोड़ की परिकल्पना को साकार करने के लिये जिला प्रशासन के निर्देश पर नपा परिषद ने दशपुर कुंज उद्यान के बाहर से खाना बनाकर मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध कराने वाली बहनों के ठेले हटाये गये थे उसी प्रकार महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के बाहर फूल माला विक्रय कर अपना भरण पोषण करने वाले व्यवसायियों के ठेले हटाये गये थे। इन सभी ने नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर से मिलकर उनसे मंदसौर नगर में उचित स्थान पर व्यापार व्यवसाय के लिये अस्थायी रूप से स्थान उपलब्ध कराने की मांग की थी।

बुधवार को नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा के सभापतिगणों, पार्षदगणों एवं नपा के राजस्व अमले के साथ नगर में उचित स्थान इन व्यवसायियों को मिले इसके लिये निरीक्षण किया और मौके पर इन व्यवसायियों को बुलाकर उनसे चर्चा की । नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के निर्देश पर दशपुर कुंज के पीछे वाले मार्ग पर खाना बनाकर मरीजों एवं उनके परिजनों को उपलब्ध कराने वाली बहनों एवं अन्य व्यवसायी जो कि दशपुर कुंज के बाहर कई वर्षों से व्यवसाय कर रहे थे उन्हें स्थान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गई। इसी प्रकार बीपीएल चौराहा पर पेट्रोल पम्प के पीछे की ओर स्टेडियम के बाहर खुले परिसर में फूल माला बेचने वाले व्यवसायियों को स्थान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की गई। इन दोनों स्थानों पर लाईनिंग करके नपा के राजस्व अमले ने पात्र व्यवसायियों को स्थान उपलब्ध कराया। नपा के स्वास्थ्य अमले ने यहां दोनों स्थानों पर सफाई कराने का कार्य किया। नपा के द्वारा स्थान उपलब्ध होने पर खाना बनाकर मरीजों को और उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध कराने वाली मंजू सोनी एवं मालती धनगर ने मीडिया की टीम के सामने नपाध्यक्ष को धन्यवाद दिया। बीपीएल चौराहा के समीप स्टेडियम मार्केट परिसर में फुल माला विक्रय के लिये स्थान उपलब्ध होने पर फूल माला व्यवसायियों ने माला पहनाकर नपाध्यक्ष गुर्जर एवं राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार का आभार व्यक्त किया। नपा परिषद की इस कार्यवाही के दौरान नपा सभापतिगण निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, पार्षदगण कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, अमन फरक्या, नरेन्द्र बंधवार, हितेन्द्र भाटी, भाजपा नेता राजेश गुर्जर आदि थे।

## अहिरवार समाज की नवीन कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा



**मंदसौर।** अहिरवार समाज की बैठक विभिन्न मुद्दों पर सम्पन्न हुई हैं, जिनमें नई कार्यकारिणी को पदभार के बाद मंदिर धर्मशाला और आय व्यय सहित चाबियों को पूर्व धन्नालाल अहिरवार द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल चौहान को सौंपकर आगे की गतिविधियों के संचालन पर सहमति बनी। आगामी कार्ययोजना और सामाजिक कुरीतियों (जैसे नशा मुक्ति, सामुहिक विवाह आयोजन) पर चर्चा प्रमुख विषय रहे हैं। बैठकों में नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के साथ ही मंदसौर, नीमच, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ जिलों के समाज बंधुओं का कार्यकारिणी बनाने पर आभार माना गया। आय-व्यय की समीक्षा पूर्व समिति द्वारा किए गए आय-व्यय पर चर्चा की गई.। संगठन विस्तार जिला और ब्लॉक स्तर पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी । बैठक अहिरवार श्रीराम जानकी मंदिर धर्मशाला भवन मंदसौर पर आयोजित की गयी थी। बैठक में कई वरिष्ठ समाजजन मौजूद थे।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदसौर के 5 खिलाड़ी चयनित



**मंदसौर।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में 10 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाली पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदसौर के पाँच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन एवं मंदसौर यूनिवर्सिटी मंदसौर की पुरुष वॉलीबॉल टीम के लिए मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन से कुणाल राठौड़, विवेक हाडा, अनिलदास बैरागी, अभिषेक गोस्वामी और शुभम का चयन किया गया है। ये खिलाड़ी भोपाल में आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में अपनी-अपनी विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खिलाड़ियों के चयन पर शासकीय पीजी कॉलेज मंदसौर के प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्र गुप्ता, खेल अधिकारी राजू कुमार, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी बंशीलाल बारीवाल, पीजी कॉलेज दलौदा के खेल अधिकारी अब्दुल रजाक, शासकीय कन्या कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी मनीष पांचाल सहित जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान एवं अन्य पदाधिकारियों—अनिल कियावत, विनय दुबेला, संदीप खाबिया, शेर मोहम्मद खान, सज्जन श्रीमाल, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रऊफ खान, रितेश पोरवाल, मिलिंद सांखला, रंजन छाबड़ा, राजेंद्र सिंह, अभिषेक सेठिया, अक्षय नलवाया, मोहित शर्मा, अभिषेक यादव, पंकज मालवीय, आशीष रेठा, चयन माली, एंब्रोज वॉल्टर, आस्था भावसार, चंदन शर्मा, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, दिव्यांशी गुप्ता, नेहा सालवी आदि ।

## 24 दिसंबर को शासकीय कार्यालयों में लेंगे सुशासन की शपथ

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मानदण्डों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उनके जन्मदिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर दिनांक 24 दिसम्बर 2025 को जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में प्रातः 11.00 बजे सुशासन की शपथ लेंगे। शपथ कार्यक्रम के माध्यम से पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितकारी शासन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की जाएगी।

## 'तुम्हें ज़िंदगी के उजाले मुबारक'

▶ **दशपुर रंगमंच ने धर्मेन्द्र को 90वें जन्म-दिवस पर दी अनमोल गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि**




**मन्दसौर। प्रसिद्ध बॉलीवुड आभिनेताओं में से एक धर्मेन्द्र के 90वें जन्मदिन पर श्रद्धांजलि देने के लिए दशपुर रंगमंच में विशेष संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनकी फिल्मों के यादगार गीतों को सुना कर संगीत प्रेमियों ने धर्मेन्द्र को भावुक श्रद्धांजलि दी।**

कार्यक्रम की शुरुआत आबिद शाह द्वारा 'आखरी गीत मोहब्बत सुना लू तो चलूँ' गाकर हुई। अभय मेहता ने 'तुम्हें ज़िंदगी के उजाले मुबारक' सुनाकर धर्मेन्द्र को याद किया। श्याम गुप्ता ने प्रसिद्ध गीत 'आज मौसम बड़ा बेईमान है' सुनाया।

मीना जैन ने धर्मेन्द्र व हेमा मालिनी पर फिल्माया 'किसी शायर की ग़ज़ल-ड्रीम गर्ल' गाया। इसके बाद क्रमशः तेज करण चौहान ने 'मैं तुझे छोड़ के कहाँ जाऊँगा', लोकेन्द्र पाण्डे ने 'हम बेवफ़ा हरगिज़ न थे', ललिता मेहता ने 'झिल-मिल सितारों का आंगन होगा', सिमरन बेलानी ने 'ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे' और राजा भैया सोनी ने 'पल पल दिल के पास तुम रहती हो' गाया।

संयोजन करते हुए अभय मेहता ने कहा कि धर्मेन्द्र जी 'बड़े सहज व सरल व्यक्ति' थे। उन्होंने याद दिलाया कि धर्मेन्द्र का परिवार 90वें जन्मदिन की तैयारियों में था, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका देहांत हो गया। धर्मेंद्र ने हिंदी सिनेमा को जो अमिट छाप दी है, वह सदियों तक याद रहेगी। इस कार्यक्रम में उनकी फिल्मों के गीत सुन कर एक बार फिर उनकी जिंदादिली, सरलता और हंसमुख स्वभाव को याद किया गया। अंत में आभार ललिता मेहता ने प्रकट किया।

## 'निक्षय मित्र' शक्तावत द्वारा फ्रुट बास्केट वितरित किए



**मंदसौर। निक्षय मित्र योजना (जो अब प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है) में ठा.कृष्णपालसिंह शक्तावत मुंदेड़ी द्वारा डीटीसी सेंटर सीविल हास्पीटल के जिला क्षय केन्द्र के माध्यम से फ्रुट बास्केट वितरीत किये गये।**

डॉ.जी.एस.चौहान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी मंदसौर ने बताया की 'निक्षय मित्र' बने, सामाजिक क्षेत्र मे ऐसे दानदाता बहुत कम मिलते है जो जरूरतमंदों को स्वयं आगे आकर यहयोग करते है, हमे श्री शक्तावत की प्रंशसा करना चाहिए की वह टीबी पिड़ितो को पोषण किट वितरने करने और मीरीजो का सहयोग करने पर स्वयं आगे आए और निक्षय मित्र बनकर के मरीजो को फुट बास्केट वितरीत किये गये। उक्त बात डीटीसी सेंटर मे मरीजों को पोषण किट वितरण के अवसर पर डॉत्र चौहान द्वारा मंच को संबोधित करते हुए कही। श्री चौहान ने कहा की शासन स्तर से भी योजना का लाभ टीबी मरीजो को मिल रही है वही सामाजिक क्षेत्र के व्यक्यिं को भी निक्षय मित्र योजना से जोड़ा जा रहा है ताकि मरीजों को लाभ मिल सके। मल्हारगढ जनपद सीईओ सृष्टि भदोरिया ने योजना को समझा और अपने ब्लॉक मे निक्षय मित्र योजना को पंचायत स्तर तक पहॅचाने की बात कही। रूरल पब्लिक सर्विसेस के डॉयरेक्टर राधेश्याम मारू ने इस अवसर पर कहा की निक्षय मित्र योजना मे एनजीओ का सहयोग से और अधिक व्यक्तियों तक पहॅच बनाई जा सकती है जिनसे पोषण किट जैसा सहयोग मिलता रहे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आर.के. द्विवेदी ने मंच का संचालन करते हुए उपस्थिजनों को बताया की निक्षय योजना स्वास्थ से जुड़ने और विभाग के माध्यम से मरीजों का लाभ लेने की बात कही। इससे पहले डॉ. द्विवेदी व स्वास्थ्य विभाग के जगदीश खिंची ने मंचासीन अतिथियों का टीबी मुक्त भरत केसरीया डुप्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। ठा.कृष्णपालसिंह शक्तावत द्वारा 24 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरीत किये गये। इस अवसर पर सामाजिक कार्यक्रता दयाराम चौहान, महेन्द्रसिंह पंवार आक्या, शहजाद हुसैन,, संगीता शर्मा, वैभव पांण्डे, नयन राठौर, अजय पांण्डे, स्टॉप नर्से नाजिया, कृष्णा बैरागी आदी मौजुद थे।



## विश्व मानव अधिकार दिवस पर जागरूकता सेमिनार

**मंदसौर।** विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जनसाहस, उड़ान संस्था तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनपद पंचायत सभागृह में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानव अधिकार, साइबर क्राइम, महिलाओं व बच्चों के प्रति हिंसा तथा पोक्सो एक्ट जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक मनीष अटोडिया, समन्वयक ममता खींची तथा हरीश केसरिया ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। जनसाहस संस्था की सिमरन मालवीय ने साइबर सुरक्षा और शिकायत प्रक्रिया पर जानकारी दी। फील्ड वॉलंटियर द्वारा पपेट शो प्रस्तुत किया गया। उड़ान संस्था के प्रशांत गजभिए ने मानव अधिकारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से डोली मक्कड़, जुगल किशोर मालवीय एवं कुलदीप घावरी ने कानूनी अधिकारों व विधिक सहायता के बारे में बताया।



## राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में मंदसौर जिला राज्य स्तर पर अग्रणी

▶ **कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र**

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अंतर्गत जिला मंदसौर ने प्रति माह लक्षित पशु संख्या के विरुद्ध उत्कृष्ट प्रगति करते हुए राज्य स्तर पर अग्रणी जिले के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा माह अक्टूबर-नवम्बर की समीक्षा में राज्य के प्रथम दस जिलों में मंदसौर जिले के चार कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य को सराहनीय बताया गया।

जिले के श्री श्यामलाल पाटीदार, लक्ष्मीनारायण पाटीदार, श्री दिलीप कुमावत एवं श्री जुझारलाल मालवीय द्वारा अधिकतम संख्या में सफल कृत्रिम गर्भाधान किए जाने पर राज्य स्तर से इनके कार्य की सराहना की गई। प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार कलेक्टर अदिती गर्ग के माध्यम से चारों कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जिले की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**एक नजर** ▶ **सांसद खेल महोत्सव 17 दिसंबर को बालागुढा में**

## विद्यार्थियों में हो खेल प्रतिभाओं का विकास : पाटीदार



**बालागुढ़ा।** एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालागुढ़ा में सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खेल महोत्सव की तैयारी के संबंध में कार्य योजना पर चर्चा हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार ने अवगत कराया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड और संकुल स्तर पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को उचित मंच देकर उन्हें छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बालागुढ़ा संकुल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 17 दिसंबर को बालागुढ़ा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संकुल अंतर्गत सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को सहभागिता करने का अवसर प्राप्त होगा। जनपद सदस्य कमलेश पाटीदार बालागुढ़ा ने खेल महोत्सव के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी संस्था प्रधान और खेल शिक्षकों से तैयारी के संबंध में चर्चा की। सांसद प्रतिनिधि रमेश चंद्र पाटीदार बालागुढ़ा, सांसद खेल महोत्सव संयोजक मनोहर माली, महावीर कोठारी एवं उनकी टीम ने बैठक में उपस्थित सभी संस्था प्रमुखों एवं खेल शिक्षकों को तैयारी के संबंध में अवगत कराते हुए बताया कि खेल महोत्सव मे मुख्य रूप से खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी, सितोलिया, मैराथन दौड़, आदि खेल सम्मिलित रहेगे।

इसी अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा एकीकृत शाला बालागुढ़ा के कक्षा 9 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण की। बैठक का संचालन संस्था प्राचार्य शांतिलाल विजय ने किया । बैठक की उक्त जानकारी शिक्षक जगदीशचन्द्र गुप्ता द्वारा प्रदान की गई।